तापमान

अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 21 जुलाई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



09 नर्मदा प्रसाद अध्यक्ष, सोहन सचिव बने





10 वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट ...





कामटेक महाविद्यालय
First AICTE Approved College
संबद्धता-उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि.
B.Sc
BCA
B.Com प्लेन एवं कम्प्यूटर्स
PGDCA
DCA
सीमित सीटें
सेमेस्टर सिस्टम (100% रिजल्ट)
शासकीय छात्रवृत्ति प्राप्त करें
ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION
आज ही संपर्क करें प्रातः 10 से 2 बजे
अंबेडकर चौक, सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in


### मगरलोड और बेलरगांव तहसील बारिश में काफी पीछे

## पर्यटकों को बांध के लबालब होने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले की सात तहसील में कहीं अधिक तो कहीं कम बारिश दर्ज की गई है। सुबह से शुरू हुई बारिश से रविवार को गंगरेल पर्यटन में सुस्ती का आलम रहा। पर्यटकों को अब गंगरेल बांध के लबालब होने तथा इसके मुख्य गेट के खुलने का इंतजार है।

### रविवार को बारिश का मौसम बनने के बाद भी वर्षा नहीं हुई

भारी उमस के बीच रविवार की तड़के झमाझम बारिश हुई। रविवार सुबह 8 बजे तक जिले में करीब 25 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक बारिश कुकरेल तहसील में दर्ज की गई है। यहां 45 मिमी बारिश हुई है। मगरलोड तहसील में 32.6 मिमी, धमतरी तहसील में 32 मिमी, कुरूद तहसील में 29.1 मिमी, नगरी तहसील में 14.4 मिमी, बेलरगांव तहसील में 12.5 मिमी तथा भखारा तहसील में सबसे कम 5.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है।



### मगरलोड में बारिश की दरकार

मगरलोड तहसील वर्षा में काफी पिछड़ गई है। वहीं धमतरी और कुकरेल तहसील में स्थिति सामान्य है। मगरलोड क्षेत्र में 1 जून से अब तक मात्र 226.3 मिमी बारिश हो पाई है, वहीं धमतरी में 471 मिमी, कुकरेल में 469 मिमी बारिश हो चुकी है। इसी तरह नगरी में 388.4 मिमी, कुरूद में 349.3 मिमी, भखारा में 333.2 मिमी तथा बेलरगांव तहसील में 294.5 मिमी बारिश हो पाई है।

### गंगरेल पर्यटन में सुस्ती

बारिश की वजह से रविवार को गंगरेल पर्यटन में सुस्ती का आलम रहा। वाटर स्पोर्टस के प्रभारी असकंध सिंह ने बताया कि तड़के बारिश शुरु होने से पर्यटकों की संख्या करीब हजार भर रही होगी। अधिकतर पर्यटक देवी दर्शन के लिए पहुंचे थे। पर्यटकों ने वाटर स्पोर्टस का भी लुत्फ उठाया। उन्होंने बताया कि पर्यटकों को अब गंगरेल के लबालब होने का इंतजार है। बांध के मुख्य गेट खुलने पर सैलानी उमड़ेंगे।

### गंगरेल में 53 फीसदी, अन्य बांधों में 20 प्रतिशत से अधिक जल भराव

मौसम विभाग ने इस साल 100 प्रतिशत से अधिक बारिश होने का अनुमान लगाया है, लेकिन जिला वर्षा गतिविधियों में पिछड़ा हुआ है। जुलाई माह में हुई बारिश से गंगरेल में 7 टीएमसी पानी की आवक हुई है। बांध के ग्रास स्टोरेज केपिसिटी में 19.774 टीएमसी जलभराव है। यहां बांध की क्षमता का 53 प्रतिशत पानी भर गया है। गंगरेल में पानी की जावक जीरो है। वहीं आवक 998 क्यूसेक हो रही है। माड़मसिल्ली बांध में 1.375 टीएमसी जलभराव के साथ यहां 21.92 प्रतिशत पानी भरा है। दुधावा बांध में 2.354 टीएमसी जलभराव के साथ 23.16 प्रतिशत पानी जमा है। सोंदूर बांध में 1.471 टीएमसी पानी के साथ 23.16 फीसदी जलभराव है।

## नदी पार कर मखना हाथी ने गरियाबंद में की वापसी



- उत्तर सिंगपुर, केरेगांव तथा धमतरी रेंज में करीब एक माह तक किया विचरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

करीब एक माह तक धमतरी जिले के जंगल में विचरण करने के बाद मखना हाथी गरियाबंद जिले में वापस लौट गया है। इस बीच ग्राम लीलर का एक युवक हाथी के हमले का शिकार बन गया।

उत्तर सिंगपुर रेंज के हाथी निगरानी दल प्रमुख प्रेमलाल लहरे ने बताया कि 22 जून को मखना हाथी पैरी नदी पारकर जिले के जंगल में पहुंचा। उत्तर सिंगपुर, केरेगांव तथा धमतरी रेंज में करीब एक माह विचरण करने के बाद रविवार शाम को हाथी ने पैरी नदी पारकर गरियाबंद जिले के जंगल में वापसी कर ली है। अब हाथी की निगरानी में गरियाबंद वन विभाग की टीम जुट गई है।

### खबर संक्षेप

#### कांग्रेस 22 को करेगी आर्थिक नाकेबंदी

**धमतरी।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी एवं पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं पर ईडी द्वारा की जा रही लगातार कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस द्वारा 22 जुलाई मंगलवार को सेहराडबरी (बाईपास सिग्नल) के पास दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आर्थिक नाकेबंदी की जायेगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरद लोहाना ने पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ से उपस्थिति की अपील की है।

#### हरेली त्योहार 24 जुलाई को

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद ने बताया कि इस वर्ष हरियाली अमावस्या एवं हरेली त्योहार 24 जुलाई गुरुवार को मनाया जाएगा। परिषद के मिडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार हरेली के बाद से बाकी तीज त्योहार प्रारंभ हो जाता है। इसे हरियाली अमावस्या के नाम से जाना जाता है। हरेली का मतलब हरियाली होता है। छत्तीसगढ़वासी पूरे विश्व में हरियाली छाई रहे और हमेशा सुख शांति बनी रहे, ऐसी कामना करते हुए हरेली त्योहार मनाते हैं।

### इंडोर स्टेडियम में तीन घंटे तक चला अभिषेक कार्यक्रम, हजारों भक्तों ने लिया हिस्सा

## 151 पार्थिव शिवलिंग का 51 लीटर दूध और जल से हुआ अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिवभक्त समूह श्री शीतलेश्वर महादेव समिति द्वारा रविवार को इंडोर स्टेडियम में 151 पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक किया गया जिसमें 51 लीटर दूध और जल का उपयोग किया गया। अभिषेक अनवरत 3 घंटे तक चला, जिसमें हजारों भक्तों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम सुबह 10 से 1 बजे तक चला। इस अवसर पर दूसरो शहरों से पहुंचे शिवभक्तों ने भी अभिषक में भागीदारी निभाई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

समिति के यशवंत साहू, चंद्रहास महार, पिंटु ध्रुवंशी, कुंदन सिंह, नीलमणि पावरिया, करण सिंह ने बताया कि रूद्राभिषेक भगवान शिव की विशेष पूजा है। सावन माह में भक्तों द्वारा रूद्राभिषेक, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक के साथ पूजा-अर्चना की जाती है। इस कार्यक्रम में हजारों भक्तों ने हिस्सा लिया। शिवभक्त मिट्टी, रेत से बनाए पार्थिव शिवलिंग लेकर कार्यक्रम स्थल आए थे। गुरुकुल श्रीधाम वृंदावन के पंडित वीरेंद्र चौहान व अन्य चार पंडितों की अगुवाई में पूजा अर्चना हुई। अभिषेक के बाद दोपहर 2 बजे विशाल भंडारा प्रसादी वितरण का कार्यक्रम हुआ। संध्या 4 बजे भव्य शोभायात्रा का विसर्जन किया गया।





पं. वीरेंद्र चौहान ने बताया कि सावन माह में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने से यश, मान, सम्मान, निरोगी काया की प्राप्ति होती है। पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक करने से शिवजी की विशेष कृपा होती है। पूर्व जन्मों के पापों से मुक्ति मिलने के साथ इस जीवन में कष्ट, रोग, शत्रु, गृह दोष, बाधा दूर होती है।

## हरी सब्जियों के लिए बारिश बनी आफत

- उत्पादन प्रभावित होने से चिल्हर बाजार में रेट बढ़ा
- खेखसी 300, सेमी 100-120, मुनगा, ढेंस, शिमला मिर्च 100 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंचल में सप्ताह भर से हो रही बारिश से हरी सब्जियों का उत्पादन प्रभावित हो गया है। पौधों में लगे फल बारिश, बदली के कारण गलने लगे हैं। पौधे पानी में डूब गए हैं। उत्पादित हरी सब्जियां मार्केट आते-आते खराब होने लगी हैं इसलिए चिल्हर बाजारों में कीमत बढ़ गई है। दोगुने रेट से उपभोक्ता परेशान हैं। किसानों का कहना है कि फलों में अनवरत बारिश की बूंदें पड़ने से तत्काल गल जाते हैं। खराब माल को फेंकना पड़ता है।

सब्जी विक्रेता अशोक निषाद, हेमंत सोनकर ने बताया कि बाड़ियों से सब्जियों की आवक कम हो गई है। सप्लाई कम होने से कीमत बढ़ जाती है। शहर के इतवारी बाजार में रविवार को ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई। सब्जियों के रेट अधिक होने से उन्हें निराश होना पड़ा। विक्रेताओं ने बताया कि रविवार को खेखसी 300 रुपए किलो, सेमी 100-130 रूपए, मुनगा, हरा मिर्च, हरा धनिया, ढेंस, शिमला मिर्च 100 रुपए किलो, बरबट्टी, ग्वारफली, गोभी, तोराई, परवल 80 रुपए किलो रहा। कुंदरू, करेला, भिंडी, डोड़का, कोचई 60 रुपए किलो तो गाजर, केला, कटहल 50 रुपए किलो बिका। भटा, कुम्हड़ा, टमाटर, पत्तागोभी, मूली 40 रुपए किलो रहा। लौकी 20 रुपए किलो बिकी।



### आलू-प्याज 25 रुपए किलो



हरी सब्जियों की तुलना में किराना सामानों के दाम पिछले माहभर से स्थिर है। रेट नहीं बढ़ने से उपभोक्ताओं में संतोष का भाव है। रविवार को आलू-प्याज 25 रुपए किलो बिका। शक्कर 45, गुड़ 55, खड़ी हल्दी 180-220, खड़ी मिर्च 170-250, धनिया 100-120, जीरा 260, काली मिर्च 850, लहसुन 100-120, तेल रिफाइन 12, सरसों 75, मेथी 80, राहरदाल 110, मूंगदाल 100, उड़ददाल 85, मसूरदाल 85, मटर हरा 110, चनादाल 85, पोहा 48, मसूर खड़ा 80 रूपए किलो रहा। अण्डा 70 रुपए दर्जन बिका।

## सदर मार्ग में रफ्तार से फैलाई दहशत, गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शराब के नशे में शहर के व्यस्त मार्ग में अंधाधुंध गाड़ी दौड़ाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध मोटरव्हीकल एक्ट की धारा 185 (शराब पीकर वाहन चलाना) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। उसके खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 धारा 126 एवं धारा 135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है।

सदर मार्ग शहर का सबसे व्यस्त मार्ग है। यहां पर दानिश खान उम्र 21 वर्ष पिता रियाज निवासी आमातालाब गौरा चौक थाना सिटी कोतवाली ने शराब के नशे में तेज रफ्तार में गाड़ी दौड़ाई। गाड़ी महिंद्रा थार थी, जिस पर नम्बर भी नहीं लिखा था। गाड़ी की रफ्तार इतनी थी कि आसपास के लोग दहशत में आ गए। यह शिकायत जब पुलिस के पास पहुंची तो पुलिस ने तत्काल ही युवक को गिरफ्तार कर लिया। युवक को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### ओडिशा के दो युवकों के साथ राजनांदगांव की एक युवती भी गई जेल

## सात किग्रा गांजा के साथ तीन आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ओडिशा से गांजा लाकर धमतरी में बेच रहे ओडिशा के दो युवकों के साथ राजनांदगांव की एक युवती को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पिछले तीन दिन में गांजा को लेकर यह तीसरी कार्रवाई है। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

सावन माह में शराब की बिक्री कम हो जाती है, लेकिन गांजा, भांग की बिक्री बढ़ जाती है। पुलिस गांजा की बिक्री पर लगातार नजर रख रही है, जिसका सार्थक परिणाम भी सामने आ रहा है। पिछले तीन दिन में गांजा बिक्री के तीन मामले पकड़े गए। सबसे बड़ा मामला रविवार को सामने आया जिसमें उड़ीसा के गांजा तस्करों का भंडाफोड़ हुआ।



एसपी के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अर्जुनी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम भोयना स्थित राजा ढाबा के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति गांजा की सौदेबाजी कर रहे हैं। तत्काल पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीन आरोपियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 7 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 71 हजार रूपए है। इसके अतिरिक्त 1 लाख रुपए की बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल, 12 हजार रुपए के तीन मोबाइल और 17 हजार रुपए नगद भी बरामद किए गए। उनके पास से कुल दो लाख रुपए की सामग्री और नगदी जब्त की गई है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम शंकर विश्वास उम्र 43 साल पिता मुकुंद विश्वास निवासी ग्राम बड़ाकुमारी थाना उमरकोट जिला नवरंगपुर (उड़ीसा), अर्जुन जानी उम्र 26 साल पिता हांडी जानी निवासी सानकुमारी थाना उमरकोट जिला नवरंगपुर (उड़ीसा) बताया। इनके साथ एक युवती थी गिरफ्तार हुई है, जिसका नाम रोशनी ठाकुर उम्र 27 साल पिता मंगलूराम ठाकुर निवासी किलापारा डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छग) है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने उड़ीसा से गांजा लाकर धमतरी क्षेत्र में बेचने की योजना बनाई थी। आरोपियों के विरुद्ध थाना अर्जुनी में धारा 20(बी), ।। (बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### वाटरप्रूफ लिफाफों से होगी डिलीवरी, स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री और पार्सल सेवा पर फोकस

## रक्षाबंधन पर्व : सुरक्षित पहुंचेंगे पवित्र प्रेम के कच्चे धागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बहनों के प्रेम और आशीर्वाद का सूत्र राखी को भाइयों तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए डाक विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। वाटरप्रूफ लिफाफों से न तो राखियों के भीगने का डर रहेगा और न ही खराब होने का। यही नहीं गिफ्ट पहुंचाने के लिए पार्सल सेवा भी चालू है।

राखी का त्योहार अब कुछ दिन ही शेष है। यह एक ऐसा त्योहार है जिसकी तैयारी 15 दिन पहले शुरू हो जाती है। कई बहनों के भाई दूर रहते हैं, जो राखी पर नहीं आ सकते हैं। ऐसी स्थिति में बहनें अपने भाइयों के लिए पोस्ट के माध्यम से राखियां भेजती हैं। इसी के चलते राखी का बाजार अभी से सजकर तैयार है। डाक विभाग और कोरियर सर्विस भी राखियों को भाइयों तक पहुंचाने के लिए मुस्तैदी के साथ काम कर रहे हैं। डाक विभाग ने राखियों को भाइयों तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए विशेष प्रबंध किया है। डाक विभाग के पास वाटर प्रूफ लिफाफे पहुंच गए हैं, जिसके माध्यम से बारिश के बाद भी दूरदराज क्षेत्र में भाइयों तक राखियां सुरक्षित पहुंचेंगी। जिले के सभी पोस्ट ऑफिस में ये लिफाफे पहुंच चुके हैं। औद्योगिक वार्ड के पोस्ट ऑफिस के मितेश कुमार पंसारी ने बताया कि राखी मेल के रूप में कई स्थान पर पीले रंग के पोस्ट बाक्स लगाए गए हैं। इन पोस्ट बाक्स के माध्यम से आने वाली राखियों को प्रमुखता के साथ गतंव्य तक पहुंचाया जा रहा है।





### छुट्टी के दिन भी पहुंचेंगी राखियां

डाक विभाग में अभी माइग्रेशन का काम चल रहा है। इसके चलते तीन दिन से पोस्ट ऑफिस में काम नहीं हो पा रहा है। 22 जुलाई से नए साफ्टवेयर में काम शुरू होगा। इसके बाद दोगुनी स्पीड से काम होगा। अच्छी बात यह है कि फील्ड में शनिवार-रविवार को भी काम चलता रहेगा। ऑफिस भले ही बंद रहेंगे, लेकिन छुट्टी के दिन भी राखियां भाइयों तक पहुंचेंगी।

### इन सेवाओं पर फोकस

राखी पहुंचाने के लिए स्पीड पोस्ट काफी कम खर्च में शीघ्रता से काम करेगा। जानकारी के अनुसार कम से कम 40 रुपए का इसमें खर्च आएगा। दूसरा आप्शन रजिस्ट्री का है, जिसमें 17 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस है। इसके बाद दूरी और वजन के हिसाब से चार्ज लिया जाता है। राखी के अलावा भाइयों और बहनों तक गिफ्ट पहुंचाने के लिए पार्सल सेवा भी उपलब्ध है, इसमें 19 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस है। पहले आधा किग्रा के लिए 43 रुपए उसके बाद हर आधा किग्रा के लिए 16 रुपए चार्ज किया जाता है। ज्यादा दूरी पर चार्ज भी ज्यादा लगता है।

### कौशल तिहार पर 21 से 23 तक प्रतियोगिता

**धमतरी।** राज्य में कौशल तिहार-2025 का आयोजन कौशल प्रतियोगिता के माध्यम से कौशल प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवाओं को प्रोत्साहित करने तथा उनके कौशल के प्रदर्शन पर केंद्रित है। कौशल उत्सव का उद्देश्य युवाओं में कौशल के प्रति जागरूकता लाना और विजेताओं को इंडिया स्किल्स 2025 की क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगताओं के लिए तैयार करना है, जो संभवतः वर्ल्ड स्किल्स 2026 में देश का प्रतिनिधत्व करेंगे। सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तर पर 21 से 23 जुलाई एवं राज्य स्तर पर 28 से 30 जुलाई तक किया जायेगा।


पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### पौधारोपण एवं किचन गार्डन की हुई शुरुआत

**भानुप्रतापपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ईएमआरएस में वृक्षारोपण एवं किचन गार्डन की स्थापना की गई। छात्रों को किचन गार्डन की अवधारणा, इसके लाभ और पौधों की देखभाल से जुड़ी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह से भाग लेते हुए पौधे लगाए और अपने विद्यालय परिसर को हरियाली से सजाने में योगदान दिया। ईएमआरएस की ओर से इस अवसर पर अनीशा, सोभित एवं अन्य शिक्षकगण और छात्र उपस्थित रहे।

### प्राशा और माशा में हुई संकुल स्तरीय बैठक



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम कोंडे के प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला के द्वारा संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की जानकारी, पुस्तक स्कैनिंग और डिस्ट्रीब्यूशन की जानकारी, इको क्लब की एंट्री की जानकारी, जाति प्रमाण पत्र लक्ष्य के संबंध में जानकारी, शिक्षक डेली डायरी के संबंध में चर्चा, स्कूल स्तर पर समय सारणी, अपार आईडी के संबंध में जानकारी, किचन गार्डन संबंधित जानकारी, शाला को आकर्षक कैसे बनाएं एवं संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव मनाने के लिए चर्चा किया गया। बैठक में प्राचार्य बाबूलाल कोमरा, योगेश कुमार मरकाम, संकुल के समस्त प्राशा और माशा संस्था के संस्था प्रभारी उपस्थित रहे।

### कुएं में युवक का शव मिला अमोड़ी में सनसनी फैली

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत अमोड़ी निवासी 30 वर्षीय दिनेश कुमार पोटाई का शव कुआं के अंदर में मिला, जिससे गांव सनसनी फैल गया। अमोड़ी निवासी 40 वर्षीय रमेश कुमार कल्लो ने पुलिस को बताया कि 19 जुलाई को सुबह कुआं के अंदर दिनेश पोटाई का शव तैर रहा था। मृतक कुआं के अंदर कैसे पहुंचा यह अभी पता नही चल पाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### ग्राम पंचायतों में विकास कार्य का सीईओ ने किया निरीक्षण



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत जनपद पंचायत के सीईओ सुरेंद्र बंजारे द्वारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विकास कार्य, निर्माण कार्य, भवन निर्माण, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी भवन, सामाजिक भवन, पुल पुलिया देवगुडी व गोटुल, आंगनवाड़ी सामुदायिक भवन, नाली निर्माण के कार्यों और अधूरे निर्माण कार्य को प्रारंभ कराने निरीक्षण शुरू कर दिया है। निरीक्षण कर सीईओ ने अधूरे कार्यों को सरपंच व सचिवों को गति लाने निर्देश दिया हैं। इसके अलावा कार्यों पर गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जा रहा है। निरीक्षण में आरईएस, एसडीओ एवं सहायक अभियंता लगातार निर्माण कार्यों का मॉनिटरिंग कर रहे है।

## निधन

### सुरेश सोनी

**धमतरी।** स्थानीय कोष्टापारा निवासी स्व. शिवनारायण सोनी के



पुत्र सुरेश सोनी उम्र 49 वर्ष का निधन हो गया। वे सोनी ज्वेलर्स के संचालक बा सोनी के भांजा थे। शांतिघाट में उनकी अंत्येष्टि हुई, जिसमें वार्डवासी सहित छग स्वर्णकार समाज के लोग शामिल हुए।

ठेकेदार गड्ढे भरने की बजाय डामर रोड को उखाड़ रहे, एसडीओ ने तत्काल बंद कराया

# नगरी-सिहावा-दुधावा मार्ग की मरम्मत शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



नगरी अंचल के सभी मुख्य मार्ग की हालत काफी खराब है। जगह जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। सड़क के सुधार के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिसंबर 2024-25 में 6 करोड़ रुपए अधिक की राशि स्वीकृत की थी। 13 किमी रोड का डामरीकरण किया जाना है, वहीं कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया 12 जून पूर्ण होने के बाद ठेकेदार द्वारा गिट्टी डाली जा रही है।

नगरी-देवपुर सिहावा रोड सड़क जर्जर है। नगरी देवपुर सड़क के गड्ढों पर एक-दो दिन में गिट्टी भरने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। मगर ठेकेदार द्वारा देवपुर के पास डामर रोड को जेसीबी से उखाड़ा जा रहा था। हरिभूमि प्रतिनिधि ने विभागीय अधिकारी को सूचना दी जिसके बाद उन्होंने तत्काल कार्य स्थल पर पहुंचकर कार्य को बंद कराया।

जनपद सदस्य सोनराज वट्टी, सरपंच लिखमा राधाबाई नेताम, सरपंच बोराई माखनलाल सलाम, सरपंच घुटकेल, सरपंच कुसुमलता मरकाम, मैनपुर सरपंच सुरेश नेताम, छबिलाल राजेश्वर चेलक, संगीता बाई, दिगेश्वर, सुखनाथ नेताम ने बताया कि जर्जर रोड पर गिरकर कई लोग घायल हो चुके हैं। सुशासन तिहार में आवेदन लगाने के बाद भी अभी तक रोड की मरम्मत नहीं हुई। कई महीने हो चुके हैं। कार्यस्थल पर देखने के लिए इंजीनियर नहीं थे।

लोक निर्माण विभागीय नगरी के एसडीओ से बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। ठेकेदार द्वारा पेंच रिपेयरिंग का कार्य किया जा रहे हैं। ठेकेदारों को 20 एमएम, 40 एमएम गिट्टी डालकर बड़े-बड़े गड्ढों को रिपेयरिंग करने के लिए निर्देशित किया गया है।

**15 किमी लंबी सड़क में 1 हजार से अधिक गड्ढे**



सिहावा से बोराई-कोंडागांव-उड़ीसा जाने वाले इस मार्ग की हालत सबसे अधिक खराब है। वहीं 15 किमी लंबी सड़क में 1 हजार से अधिक गड्ढे हैं। इस मार्ग से करीब 10 गांव के लोग रोजाना आवाजाही करते हैं। खराब सड़क के कारण इस मार्ग में चलने वाले वाहनों को भी परेशानी हो रही है। बोराई उड़ीसा कोंडागांव तक चलने वाली बस सेवा भी खराब सड़क के चलते प्रभावित हो रही है। नगरी व्यापार के लिए दोनों ओर के लोग इसी रास्ते से आते-जाते हैं। लेकिन सड़क की खराब हालत के कारण अब इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही कम ही गई है।

इस क्षेत्र जर्जर रोड के संबंध में सांसद भोजराज नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित राष्ट्र को लेकर काम कर रहे हैं। दूरस्थ अंचल होने के कारण विकास नहीं हुआ है। हमारी सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## पटेल समाज ने महासमुंद सांसद से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

कोसरिया मरार (पटेल) समाज बारनाराज के पदाधिकारियों ने महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी सें मुलाकात कर समाज की विभिन्न सामाजिक गतिविधियों व समस्याओं से अवगत कराकर राजकीय मुख्यालय भवन की मांग की। सांसद ने पटेल समाज के विकास हेतु हरसंभव सहयोग करने की बात करते हुए राजकीय मुख्यालय भवन निर्माण का पूर्ण आश्वासन दिया। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि पटेल मरार समाज एक मेहनतकश समाज है जो अपनी मेहनत, ईमानदारी और सामाजिक जिम्मेदारी के लिए जाना जाता है। मौके पर धमतरी जिलाध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल, बारना राजाध्यक्ष देवेन्द्र पटेल, सचिव श्यामाचरण पटेल, कोषाध्यक्ष हरिलाल पटेल, संरक्षकगण सुखऊ पटेल, तुलसीराम पटेल, राधु पटेल, किशन पटेल, मदन पटेल, रामचंद्र पटेल, अनिल पटेल उपस्थित रहे। यह जानकारी बारनाराज मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम पटेल ने दी।

## करेली बड़ी के पंचायत सचिव को दी विदाई, नए सचिव का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



ग्राम करेली बड़ी के पंचायत सचिव दुष्यंत पटेल का अन्य पंचायत में स्थानांतरण होने पर विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों ने उन्हें सम्मान देते हुए विदाई दी। वहीं नवीन सचिव मुकेश साहू का स्वागत किया गया। सचिव दुष्यंत पटेल ने करेली बड़ी पंचायत को दी सेवाओं को याद किया। जनप्रतिनिधियों को पंचायतीराज अधिनियम के तहत कार्य करने प्रेरित किया।

सरपंच खेमलता साहू ने कहा कि सचिव दुष्यंत पटेल ईमानदार, हंसमुख और मिलनसार हैं। उन्होंने शासन की योजनाओं के प्रति बखूबी कार्य किया। मौके पर उपसरपंच तोरण आनेश्वरी, पंच भोज साहू, यदुनंदन साहू, नरेश भारती, संतोष मांडे, ढालेश साहू, यशवंत साहू, निमेष यादव, दयालु साहू, कुलेश्वर सिन्हा, बीनू साहू, रूक्मणि साहू, मालती साहू, विद्या निषाद, भुनेश्वरी साहू, गायत्री सेन, गौरी निषाद, गायत्री साहू, राजकुमारी निषाद, सुरुजबाई निषाद, रोजगार सहायक ओमप्रकाश अहिरवार, मेषकुमार साहू, पूनमचंद साहू, तीरथ साहू, दयालु साहू मौजूद रहे।

## पंच ने स्कूल के छात्रों को कराया न्योता भोज

**जीजामगांव।** ग्राम चटौद निवासी टिकेश्वर साहू ने स्कूल के बच्चों को न्योता भोज कराया। उसकी बेटी प्रेरणा साहू कक्षा 10वीं में अध्ययनरत हैं। उनके जन्मदिन पर शासकीय माध्यमिक व हाईस्कूल चटौद के सभी बच्चों को न्योता भोज में खीर-पूड़ी, चावल-सब्जी खिलाई। साथ ही हाईस्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत कदम का पौधा रोपा गया। टिकेश्वर साहू के इस सराहनीय कार्य के लिए सरपंच खेमचंद साहू, प्राचार्य एचआर मरकाम, व्याख्याता एसके कंवर, केपी साहू, प्रियंका शर्मा, आभा खरे, शिक्षक वासन्ती देवांगन, विश्रुति व्यास, भानु साहू, समन्वयक रमेश चन्द्राकर, दयानन्द वर्मा, प्रतीक तिवारी, धनेश्वरी साहू, सुकृति चन्द्राकर ने हर्ष जताया है।

## छात्र परिषद ही नेतृत्व क्षमता की प्रथम सीढ़ी

- मगरलोड स्कूल में छात्र परिषद का गठन, चंद्रप्रकाश अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड




शाउमावि मगरलोड मे प्राचार्य एआर साहू के मार्गदर्शन में छात्र परिषद का गठन किया गया। कक्षा 12वी कॉमर्स से चंद्रप्रकाश को छात्र परिषद का अध्यक्ष चुना गया। छात्रा प्रतिनिधि ऐनु 12वीं कला बनाई गई। सचिव जितेन्द्र 12वीं कला, कोषाध्यक्ष प्रियंका 12 साइंस. कक्षा 9वीं से रमेश साहू व रूपमाला यादव, कक्षा 10वीं से यमन व भाग्यलक्ष्मी, कक्षा 11वीं कला से धारिणी साहू, कक्षा 11वीं विज्ञान से तारेश व डोमिन, कक्षा 12वीं कला से सीता व तोषण, 12वीं विज्ञान से लेखा साहू, 12वीं कॉमर्स से गुलशन कक्षा प्रतिनिधि बनाए गए।

सांस्कृतिक मंडल में हर्षकुमार, चिरंजीवी, मोहनीश, यमन, धारणी, रेशमा, गोदावरी को शामिल गया। पर्यावण मित्र मंडल में दुर्गेश, डोमेश्वर, दिव्या, गोदावरी, चेतना, नुवीता, रेशमा का चयन किया गया। अनुशासन प्रतिनिधि मोना व एवन, क्रीड़ा प्रतिनिधि उमाशंकर व खिलेश्वरी, स्वास्थ्य प्रतिनिधि खिलेश्वर, चंचल, योगिता, पुस्तकालय प्रतिनिधि अभिषेक, रुपाली, रिया, खेमराज, प्रियंका, भारती, हर्ष, मीनाक्षी, मोहित को स्थान दिया गया। मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष मंशाराम साहू ने छात्र परिषद को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नेतृत्व क्षमता एवं राजनीतिक समझ के लिए छात्र परिषद ही प्रथम सीढ़ी है। विद्यालय के विकास में छात्रशक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है।

मौके पर शिक्षक एसआर कुर्रे, एलके गुप्ता, आर. साहू, बीपी साहू, एलएन साहू, वीके कंवर, एचके रजक, श्रीमती मनीषा नवरंग, श्रीमती विद्या निषाद, चन्द्रिका ठाकुर, यादराम साहू, यमुना साहू, मुकेश पटेल व योगेश्वर साहू उपस्थित थे।

## छाती में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा खोलने की मांग

- पिछड़ा आयोग अध्यक्ष को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी

ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती में शनिवार को एक पेड़ मां के नाम के तहत पौध रोपण किया गया। अतिथि नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा आयोग छग थे। इस दौरान समिति अध्यक्ष ललित साहू, सरपंच श्रीमती धनेश्वरी यादव, उपसरपंच रमेश यादव, मिश्रीलाल पटेल, पंच राजेश चंद्राकर, किसान भेषजलाल साहू ने श्री निषाद को ग्राम छाती में जिला सरकारी केंद्रीय बैंक रायपुर की नवीन शाखा खोलने के लिए पुनः मांग पत्र सौंपा। छाती के आश्रित ग्राम उड़ेना में खाद गोदाम सह उपभोक्ता दुकान गोदाम बनवाने की भी मांग की। ज्ञात हो कि विगत 5



साल से छाती में बैंक खोलने की मांग की जा रही है, क्योंकि वर्तमान शाखा संबलपुर में 8 समितियों के कई हजार किसान लेनदेन करते हैं। इससे भीड़ होती है एवं समय पर राशि का भुगतान नहीं हो पाता है। लोगों को राशि लेने घंटों इंतजार करना पड़ता है। यदि छाती में बैंक खुल जाता है तो छाती, डाही, कंडेल, बोड़रा, दोनर सोसाइटी के किसानों को लाभ मिल सकता है। श्री निषाद ने सहकारिता मंत्री, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष से शीघ्र भेंटकर मांगों की पूर्ति करने आश्वासन दिया है। इससे पूर्व भी छाती समिति के संचालकगणों एवं अध्यक्षों के द्वारा पंकज शर्मा, रामू रोहरा, जिला जनपद के अध्यक्षों को भी मांग पत्र सौंपा जा चुका है। यह जानकारी नरेंद्र साहू समिति प्रबंधक ने दी है।

## रामपुर स्कूल की छात्राओं ने भेजा रक्षासूत्र

**बगदेही(धमतरी)।** शाउमावि रामपुर में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में बालिकाओं द्वारा देश के वीर जवानो के नाम रक्षा सूत्र राखी एवं अपने गांव की मिट्टी भेजी गई। यह एक अनोखा प्रयास है उन वीर जवानों तक अपना स्नेह पहुंचाने का जो देश के बॉर्डर में हमारी एवं हमारे देश की रक्षा कर रहे हैं। मौके पर प्राचार्य आरके बघेल, आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, जीके साहू, पी. शर्मा, एस. साहू, जे. ध्रुव, एल. सोन, एम. ठाकुर समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## शाखा प्रबंधक ने बैंक के इतिहास से ग्राहकों को कराया अवगत

- बैंक ऑफ बड़ौदा का 118वां स्थापना दिवस शाखा भैंसमुंडी में मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



बैंक ऑफ बड़ौदा का 118 वां स्थापना दिवस बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा भैंसमुंडी में धूमधाम से मनाया गया। बैंककर्मियों और ग्राहकों ने इन कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की। शाखा भैंसमुंडी को आकर्षक रूप से सजाया गया। ग्राहक सम्मान समारोह भी हुआ। शाखा प्रबंधक ने बैंक के इतिहास से ग्राहकों को अवगत कराया। महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ ने 20 जुलाई 1908 को गुजरात के बड़ौदा शहर में बैंक की स्थापना की थी। बैंक आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वसनीय सेवाओं के लिए प्रसिद्ध है।

बैंक अधिकारियों ने डिजिटल इंडिया अभियान में बैंक के योगदान की जानकारी दी। ग्राहक मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, नेट बैंकिंग और एटीएम सुविधाओं का उपयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ ग्राहकों का विशेष सम्मान किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मगरलोड में स्थित शाखा में बैंक कर्मियों ने ग्राहक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता जताई। शाखा प्रबंधक आशीष शैम्युल ने ग्राहक संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक आशीष शैम्युल, सिकंदर देवगम, अरुण, गेमनकांत, मनीष भगत, नारायण तारक, मनीष, यमन, द्विजराम, रामकृष्ण, थानसिंग, कृष्णा सिन्हा, युवराज साहू, लेखनारायण साहू, अशोक, शैलेन्द्र, विष्णु, ममता, पुष्पा, कांति, प्रेमपुष्पा सहित अन्य का सहयोग रहा।

## अमलीडीह स्कूल के छात्र सीख रहे तीरंदाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

शाउमावि अमलीडीह विकासखंड मगरलोड में तीरंदाजी का अभ्यास शिक्षक गैंदराम धीवर के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। प्राचार्य दिलीप कोठारी, चंद्रिका प्रसाद साहू, दिनेश साहू, टिकेश्वर पांडे, लकेश्वर यादव, नरेंद्र, चुरेंद्र, शाला विकास समिति अध्यक्ष हीराराम कंवर ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## सरपंच ने दी श्रद्धांजलि योजना की राशि

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम पंचायत सलोनी के वार्ड क्रमांक 11 के भुवनेश्वर मेश्राम के आकस्मिक निधन होने के पश्चात सरपंच श्रीमती रोमी चंदन ध्रुव ने श्रद्धांजलि योजना की राशि 2000 रुपये उसकी पत्नी श्रीमती अहिल्या मेश्राम को उनके पुत्र कुलेश मेश्राम, बहू ज्योति मेश्राम व उनकी माता की उपस्थिति में प्रदान की। इसी तरह वार्ड पंच श्रीमती लक्ष्मी नागेश ने भी अपनी ओर से पीड़ित परिवार को 1000 रुपये की सहायता राशि भेंट की।

ओडीएफ प्लस-प्लस, जीएफसी और कचरा मुक्त शहर में भी उल्लेखनीय सफलता

## नपं नगरी ने रचा स्वच्छ सर्वेक्षण में इतिहास, टॉप 37 में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत आयोजित स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में नगर पंचायत नगरी ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। अब तक के सभी सर्वेक्षणों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए नगर ने देशभर में टॉप 100 नगरों में 37 वां स्थान प्राप्त किया है। यह सफलता नगर की जागरूकता, जनभागीदारी और सतत प्रयासों का परिणाम है। पिछले वर्ष 2023-24 में नगरी की रैंकिंग 682 थीं, जो अब 37 वें स्थान पर पहुंच गई है। साथ ही नगर को खुले में शौच से मुक्त ओडीएफ प्लस प्लस की मान्यता और कचरा मुक्त शहर की 1 स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है, जो नगर की साफ-सफाई व्यवस्था और पर्यावरणीय प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस उपलब्धि का श्रेय नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत सिंह छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा एवं पार्षदगणों के कुशल नेतृत्व के साथ-साथ मुख्य नगरपालिका अधिकारी यशंवत वर्मा, उपअभियंता प्रमेश ध्रुव, स्वच्छता निरीक्षक दुर्गेश साहू जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन कामता साहू, सफाई कर्मचारी, स्वच्छता दीदी, नगर पंचायत नगरी के नागरिकों के संयुक्त प्रयास को जाता है। सभी ने मिलकर जन-जागरूकता अभियान, घर-घर कचरा संग्रहण, गीला-सूखा कचरा पृथक्करण, सार्वजनिक स्थलों की सफाई और सौंदर्यीकरण जैसे अनेक कार्यों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

नपं अध्यक्ष बलजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि यह सम्मान हर उस व्यक्ति की मेहनत का परिणाम है, जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से नगर की स्वच्छता जुड़ा हुआ है एवं नगर के 15 जागरूक पार्षदों ने जो हर सप्ताह स्वच्छता अभियान चलाने का संकल्प लिया यह उसका भी परिणाम है। यह कार्य निकाय के सफाई कर्मचारियों, स्वच्छता दीदी के मेहनत के बिना संभव नहीं था। यह उपलब्धि निश्चित रूप से अन्य नगर निकायों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

## उपार्जन केन्द्र माकरदोना में लगाए पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुकरेल(धमतरी)

कुकरेल ग्रामीण सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष हेमलाल ध्रुव, समिति प्रबंधक थानेश्वर देवांगन एवं कर्मचारियों ने समिति के उपार्जन केन्द्र माकरदोना एवं समिति कार्यालय में एक पेड़ मां के नाम से पौधरोपण किया। छायादार कदम, पीपल, गुलमोहर एवं फलदार जामुन, जाम, करोंदा, आम, कटहल के पौधे रोपे गए। मौके पर समिति के कर्मचारी राजेन्द्र ध्रुव, रोहित देवांगन, हरिश्चन्द्र यादव, कोमल राजपूत, शिवा साहू एवं श्रीमती फगनीबाई की उपस्थिति रही।

## अंचल की खबरें

### मां दन्तेश्वरी स्कूल में प्रवेश उत्सव मना



**धमतरी।** मां दन्तेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा में प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी रावटे द्वारा सभी बच्चों को चॉकलेट खिलाकर एवं तिलक लगाकर पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षिका लीला साहू, मोहन साहू, वीणा साहू, वर्षा देवांगन, पूर्वी सोनकर, रूपा यादव, ज्योति रामटेके, प्रियंका यादव, दुर्गा देवांगन, छाया तिवारी, फाल्गुनी ढीमर, सोनाली रजक, काजल यादव, भूखिन ध्रुव उपस्थित थे।

### भोर वेलफेयर फाउंडेशन ने पुस्तकें बांटी



**आमदी।** नगर पंचायत आमदी में भोर वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 में बच्चों का पुस्तक वितरण किया गया। बच्चों के प्रति भोर वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा किए गए इस कार्य के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी निर्मलकर ने आभार जताया। कार्यक्रम में तोरण बाई, थनेन्द्र कुमार, टामन, लोकेश साहू, हरेंद्र पटेल, पूनाराम, जयप्रकाश देवांगन उपस्थित थे।

### जनपद सदस्य ने ग्रापं ठेनही को पानी टैंकर दिया



**नगरी।** ग्राम पंचायत ठेनही में जनपद पंचायत निधि से सिरधन सोम जनपद सदस्य ने पानी टैंकर प्रदान किया। ज्योति सोम सरपंच, रूपेश्वर नाग उपसरपंच, दिनेश कुमार यादव वार्ड पंच, जितेंद्र कुमार बोरझा, घनाराम गौर, मोहन यादव, छबिलाल सोम, पंचूराम ओटी, दिनेश मरकाम, कुलंजन चनाप, पुनऊ राम नेताम, घनश्याम बोरझा, भूपेन्द्र नाग के आतिथ्य में टैंकर प्रदान किया गया। सरपंच ज्योति सोम ने कहा कि शादी व अन्य कार्यक्रमों के लिए गर्मी के दिनों में पानी की बड़ी समस्या होती थी। अब लोगों को पानी टैंकर के माध्यम से पानी मिलेगा।

### व्याख्याता गोस्वामी को काव्य धारा मृदुल अलंकरण सम्मान मिला



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली में पदस्थ व्याख्याता आकाशगिरी गोस्वामी को प्रतिष्ठित काव्य धारा मृदुल अलंकरण सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें धारा पब्लिकेशंस इंडिया छत्तीसगढ़ द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार पूर्णिका छंद साहित्यिक लेखन के पुरोधा डॉ. खेदू भारती के हाथों प्रदान किया गया। श्री गोस्वामी को उनके विद्यार्थियों और युवाओं साहित्य के प्रति प्रेरणा प्रदान करने के साथ विद्यालय स्तर के विभिन्न मुद्दों को नाटक लेखन एवं निर्देशन एवं मंचन में अमूल्य साहित्यिक योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य टी आर नागवंशी, व्याख्याता डॉ. भूषण चंद्राकर, अमित महोबे, भारती आर्या, सतीश तुर्रे, प्रतिमा यदु, संजय कुमार सिन्हा ने हर्ष जताया है।

### एक पेड़ मां के नाम रोपे गए पौधे



**धमतरी।** ग्राम पंचायत सारंगपुरी में पेड़ मां के नाम एवं नौ पेड़ वातावरण की शुद्धता के नाम कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर जनपद सदस्य हरिनारायण साहू, सरपंच रामकुमार यादव, तकनीकी सहायक यामिनी देवांगन, सचिव जीवनलाल साहू, रोजगार सहायक रोशन साहू, माध्यमिक शाला देवपुर प्राचार्य केपी साहू, समन्वयक केपी, संजय टंडन, लोकेश्वर साहू शिक्षक, कृष्णा नेताम, मधु कंवर, ग्राम पटेल पंचूराम साहू, उपसरपंच देवीचरण नेताम, पंचगण हुलार सोनकर, मिलेश्वरी निषाद, मंजू ध्रुव समेत अन्य मौजूद थे। इस अभियान में सभी ने पौधरोपण को सुरक्षित, संरक्षित और जीवित रखने का संकल्प लिया।

### पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का लिया संकल्प



**धमतरी।** दानीटोला परिक्षेत्र अंतर्गत दानीटोला साहू समाज द्वारा शासकीय दानीटोला स्कूल प्रांगण एवं शांतिघाट परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। मुनगा, जाम, आम, आंवला, बेल, बरगद, पीपल, नीम के पौधे रोपे गए। पदाधिकारियों ने पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला साहू संघ के अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, तहसील साहू समाज शहर महासचिव डॉ रामकुमार साहू, पार्षद अज्जू देशलहरे, दानीटोला परिक्षेत्र अध्यक्ष मदन साहू, संरक्षक बंशीलाल साहू, उपाध्यक्ष विमल साहू, महिला उपाध्यक्ष रंजना साहू, चंद्रिका साहू, दीपिका साहू, चित्ररेखा साहू, कालिंद्री साहू, मीडिया प्रभारी दुर्गेश साहू, समाज सेवक आनंदी साहू समेत अन्य समाजजन उपस्थित थे।

### रामपुर स्कूल की छात्राओं ने भेजा रक्षासूत्र

**बगदेही(धमतरी)।** शाउमावि रामपुर में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में बालिकाओं द्वारा देश के वीर जवानो के नाम रक्षा सूत्र राखी एवं अपने गांव की मिट्टी भेजी गई। यह एक अनोखा प्रयास है उन वीर जवानों तक अपना स्नेह पहुंचाने का जो देश के बॉर्डर में हमारी एवं हमारे देश की रक्षा कर रहे हैं।

स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण शिविर का 120 लोगों ने लिया लाभ

# नर्मदा प्रसाद अध्यक्ष, सोहन सचिव बने





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धीवर समाज धमतरी परगना का वार्षिक सम्मेलन एवं पदाधिकारियों का चुनाव तथा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण कार्यक्रम का आयोजन डा. दिनेश नाग एवं डॉ. ओमप्रकाश मत्स्यपाल के नेतृत्व में शीतलामाता मंदिर परिसर स्थित धीवर समाज भवन महिमासागर वार्ड में किया गया।

मुख्य अतिथि छग धीवर समाज महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार धीवर, विशिष्ट अतिथि संरक्षक परमेश्वर फूटान एवं सेवकराम तारक, डॉ. रामलाल पेंदरिया, महासचिव, पवन कुमार धीवर कोषाध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम धीवर, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती संध्या हिरवानी, कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बसंत निषाद, व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुशल मटियारा, आईटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज बागमर, शिक्षा एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील जलछत्री, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा हिरवानी, कीर्तन मीनपाल जनपद सदस्य रत्नाबांधा, संतोषी कोसरिया सरपंच अछोटा, कोमल सार्वा पार्षद, केंद्र कुमार पेंदरिया पूर्व पार्षद थे। द्वितीय सत्र में धमतरी परगना के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष आदि पदों के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में दिलीप नाग, पीठासीन अधिकारी बसंत निषाद, मोतीलाल हिरवानी थे। अध्यक्ष पद के लिए नर्मदाप्रसाद जगबेड़हा, सचिव सोहन धीवर एवं कोषाध्यक्ष सोनू नाग निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। अतिथियों ने कहा कि समाज को विकसित समाज बनाना है तो शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम धीवर ने कहा कि युवाओं को प्रतिनिधित्व का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। शिक्षा एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुशील जलक्षत्रिय ने कहा कि सभी प्रकोष्ठ पदाधिकारी को लक्ष्य दिया जाना चाहिए और उसके अनुसार ही कार्य लिया जाना चाहिए। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष संध्या हिरवानी ने कहा कि समाज में महिलाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

आईटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज बागमार ने कहा कि समाज को डिजिटल करने की आवश्यकता है। विशिष्ट अथिति परमेश्वर फूटान ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक महासभा को पहुंचना आवश्यक है । प्रदेश अध्यक्ष सुरेश धीवर ने कहा कि निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण शिविर सराहनीय एवं अनुकरणीय है। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश नाग ने किया।

# कर्णेश्वर धाम का निरंतर विकास होगा : भोजराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

कांकेर सांसद भोजराज नाग ने कर्णेश्वर धाम में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिये मंगल कामना की। सांसद ने सिहावा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। कर्णेश्वर धाम ट्रस्ट की गतिविधियों की जानकारी ली।

ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने सावन महोत्सव सहित माघ पूर्णिमा में प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले पांच दिवसीय मेला महोत्सव की जानकारी देते हुए विकास कार्यों से संबंधित मांग पत्र सौंपा। सांसद भोजराज नाग ने कहा कि भगवान भोलेनाथ दयानिधान हैं। समय-समय पर उनका यहां आना-जाना लगा रहता है। उनकी कोशिश है कि आदिवासी क्षेत्र के देवगुड़ी ,धार्मिक स्थलों का विकास निरन्तरता के साथ हो। कर्णेश्वर धाम ग्यारहवीं शताब्दी का प्राचीन मंदिर है। यहां विकास कार्य अछूता नहीं रहेगा। उन्होंने आगामी दिनों में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को कर्णेश्वर धाम में लाने की बात कही। सांसद भोजराज नाग का कर्णेश्वर धाम पहुंचने पर ट्रस्ट ने स्वागत सम्मान किया। कर्णेश्वर धाम में सावन महोत्सव अंतर्गत 1 अगस्त को हम तो आदिवासी आन जैसे प्रसिद्ध गाने के गायक हिरेश सिन्हा व जितेश्वरी सिन्हा भजन की प्रस्तुति देंगे।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, ट्रस्ट के उपाध्यक्ष रवि दुबे, रवि ठाकुर, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सचिव भरत निर्मलकर, सहसचिव मोहन पुजारी, रामभरोस साहू, महेंद्र कौशल, योगेश साहू, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, कमल डागा, प्रकाश सार्वा, डोमार मिश्रा, अकबर कश्यप, उत्तम साहू, अचला यदु, प्रीति यदु, राजेश कश्यप, अश्वनी निषाद, विनोदपुरी गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# आटो एसो. अध्यक्ष ने गुम मोबाइल लौटाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सवार द्वारा बस में भूल गए मोबाइल को चालक व आटो एसोसिएशन के अध्यक्ष ने वापस लौटाकर सराहनीय कार्य किया है। धमतरी के न्यू बसस्टैंड में पहुंची बस से उतरे चार सवारियों ने श्यामतराई मंडी में आयोजित डीजे कार्यक्रम में जाने के लिए आटो चालक से बात की। चारों सवारियों को आटो एसो. के अध्यक्ष साहिल अहमद अपने आटो से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया। जाते समय सवार चारों में से किसी एक का मोबाइल बस में छूट गया जिसकी जानकारी सवार ने साहिल को दी। तत्काल बस चालक को फोन लगाया गया। घंटे भर की मशक्कत के बाद पुरूर से उक्त मोबाइल को साहिल को दिया गया। साहिल ने मंडी पहुंचकर उक्त सवारी चंगुल प्रिंस डीजे उड़ीसा निवासी को उसका गुम मोबाइल लौटा सराहनीय कार्य किया। साहिल अहमद ने सराहनीय कार्य कर लोगों को एक दूसरे की मदद करने का अच्छा संदेश दिया है।

# बारिश में नालियों की सफाई जरूरी : शकुंतला

- स्वच्छता समिति की बैठक में गांवों से कूड़ा करकट हटाने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री/कुरूद

जनपद पंचायत कुरूद अंतर्गत स्वच्छता समिति की बैठक जनपद सभाकक्ष में 19 जुलाई को हुई। बैठक में स्वच्छता समिति की सभापति शकुंतला देवांगन समेत स्वच्छता समिति के अन्य सदस्य भी शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से गांवों और क्षेत्र को स्वच्छ बनाने का निर्णय लिया गया। सभापति शकुंतला देवांगन ने कहा कि बारिश के दिनों में नाली की सफाई अवश्य होनी चाहिए। गांवों में पड़े कूड़ा करकट की सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कूड़ा उठाने कचरा रिक्शा का सदुपयोग करें। सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग रखा जाए। बारिश में कई गंभीर बीमारी जन्म लेती है। सभापति ने आगे कहा कि स्वच्छता साइकिल को प्रत्येक ग्राम में शुरू करने के साथ ही गांव में मणिकंचन का उपयोग अवश्य किया जाए। इसके अलावा जरूरतमंदों को शौचालय की प्रोत्साहन राशि दिलाने पर चर्चा हुई। सार्वजनिक शौचालय, तालाब किनारों की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। स्वच्छता समिति की सभापति सहित समस्त सदस्यों ने प्रत्येक गांव को स्वच्छ बनाए रखने और गांवों को रोगमुक्त करने की बात कही। मौके पर जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, अनुराग साहू, उर्वशी बांधेकर, रूपचंद देवांगन प्रतिनिधि सभापति, रेखा साहू, कुलेश्वरी साहू समेत संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# नगर की कृतिका ने लंदन में लहराया अपनी प्रतिभा का परचम

- विश्व प्रसिद्ध ग्रीनविच यूनिवर्सिटी से लिया बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर का तमगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर की होनहार बेटी कृतिका अग्रवाल ने लंदन की विश्व प्रसिद्ध ग्रीनविच यूनिवर्सिटी में अपनी प्रतिभा का परचम लहराकर इतिहास रच दिया है। मास्टर इन इंटरनेशनल बिजनेस में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कृतिका को न केवल टॉपर का तमगा मिला, बल्कि उन्हें बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर के प्रतिष्ठित सम्मान से भी नवाजा गया। सुभाषचंद्र अग्रवाल की पुत्री कृतिका ने अपनी मेहनत, लगन और अटूट



जज्बे से साबित कर दिखाया कि प्रतिभा की कोई सीमा नहीं होती। वैश्विक मंच पर अपनी बुद्धिमत्ता और नेतृत्व क्षमता का लोहा मनवाना कोई साधारण बात नहीं। ग्रीनविच यूनिवर्सिटी जैसे कठिन शैक्षणिक माहौल में, जहां दुनिया भर के मेधावी छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा चरम पर होती है, वहां कृतिका ने न केवल अपनी जगह बनाई, बल्कि शिखर पर पहुंचकर कुरूद का नाम स्वर्णाक्षरों में लिख दिया। यह उपलब्धि सिर्फ कृतिका की व्यक्तिगत नहीं है, बल्कि कुरूद, धमतरी और पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का लम्हा है।

### कुरुद की बेटियों में अपार संभावनाएं हैं : अजय



कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कृतिका की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा है कि कुरूद की बेटियों में अपार संभावनाएं हैं। कृतिका ने साबित किया कि मेहनत और प्रतिभा के सामने कोई बाधा टिक नहीं सकती। यह उपलब्धि केवल एक डिग्री या सम्मान तक सीमित नहीं है बल्कि कुरुद जैसी छोटी जगह से निकलकर वैश्विक मंच पर दबदबा जमाकर अपने सपनों को सच करने की हिम्मत व पक्के इरादे और सच्ची मेहनत से कोई भी मंजिल को छू लेने की प्रत्यक्ष उदाहरण है।

### ग्रीनविच यूनिवर्सिटी में हैं मैनेजमेंट ऑफिसर

वर्तमान में कृतिका ग्रीनविच यूनिवर्सिटी में मैनेजमेंट ऑफिसर के रूप में कार्यरत हैं, जहां उनकी नेतृत्व क्षमता और कार्यकुशलता नई ऊंचाइयों को छू रही है। उनकी यह यात्रा हर उस युवा के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बीच बड़े सपने संजोता है। उनकी इस उपलब्धि पर अग्रवाल परिवार इसे स्वर्णिम पल करार देते हुए हर्ष जाहिर किया है।

# ग्लोबल वार्मिंग से निपटने पीपल का पेड़ गुरु के नाम अभियान की शुरुआत



- अशासकीय विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ ने मेनोनाइट स्कूल में ग्लोबल वार्मिंग की भयावह समस्या से निपटने के उद्देश्य से एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में पीपल का पेड़ , गुरु के नाम नामक एक अभियान की शुरुआत की गई।

संघ का मानना है कि ग्लोबल वार्मिंग आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है और इससे निपटने के लिए सामूहिक प्रयास की नितांत आवश्यकता है। पीपल का पेड़, गुरु के नाम अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो पौधरोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा। पीपल का पेड़ अपने औषधीय गुणों और अधिक ऑक्सीजन उत्पादन के लिए जाना जाता है, जो इसे इस अभियान के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है। बैठक में तरुण भांडे जिला अध्यक्ष, बसंत गजेंद्र कोषाध्यक्ष, भूपेश चौधरी उपाध्यक्ष, एमके मसीह संरक्षक, सोमन साहू, हिमांशु पांडेय, दिनेश पुरी गोस्वामी, विशेष लखोटिया, बाजपेयी, कमलेश राठौर, मुकेश ननावरे मीडिया प्रभारी, पवन साहू, महेंद्र यादव और श्रीमती प्रतीक्षा बाबर शामिल थे। सभी सदस्यों ने इस अभियान की सफलता के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। संघ ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण अभियान का हिस्सा बनें और अपने घरों, कार्यालयों या सार्वजनिक स्थानों पर एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। एक छोटा सा प्रयास भी एक बड़े बदलाव का कारण बन सकता है।

# बेलोरा के खोमेश को मिली योग में पीएचडी की उपाधि

**मगरलोड।** ग्राम बेलोरा निवासी खोमेश साहू ने प्रो. भगवन्त सिंह सेनि आचार्य एवं विभागाध्यक्ष के शोध निर्देशन में अवसाद रोग का योगोपचार पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। पीएचडी की मौखिकी परीक्षा इलाहाबाद यूनिवर्सिटी उत्तरप्रदेश के प्रो. गोपाल साहू व प्रो. एलएस गजपाल विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्ययनशाला रायपुर के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुआ। खोमेश ने बताया कि अवसाद के उपचार में रोगी को अंतर्मुखी से बहिर्मुखी बनाने हेतु उत्साहवर्धन आसन, सूर्य नमस्कार क्षमतानुसार भस्त्रिका, सूर्यभेदी प्राणायाम, महा मृत्युंजय मंत्र जाप कराना चाहिए। वे रूपचंद कामती साहू के पुत्र हैं। ज्ञात हो कि खोमेश योग विषय में यूजीसी-जेआरएफ निकालने वाले छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम प्रतिभागी थे। जून 2019 में उन्होंने 72 प्रतिशत के साथ जनरल कोटे से यह कीर्तिमान स्थापित किया था। वर्तमान में वे श्री दावड़ा यूनिवर्सिटी नया रायपुर में योग विभाग में कार्यरत हैं। इस उपलब्धि पर खिलेश्वरी साहू स्टाफ नर्स, गुंजन साहू, दिव्यम साहू, सरपंच देवकरण सेन, रोहित यादव, सोनऊ साहू, भीखम साहू ने शुभकामनाएं दी।

# महिलाओं को चरण पादुका बांटी गई

**नगरी।** ग्राम दुगली में जिला वनोपज मर्यादित संघ व वन विभाग द्वारा आयोजित चरण पादुका वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने महिलाओं को चरण पादुका का वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोमनाथ सोम ने की।

# शिक्षा की ज्वलंत समस्याओं को लेकर एआईडीएसओ ने किया प्रदर्शन

- स्कूलों व शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छात्र संगठन एआईडीएसओ (ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन) द्वारा राज्य सरकार द्वारा स्कूलों व शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के निर्णय के खिलाफ व जिले की विभिन्न ज्वलंत शैक्षणिक समस्याओं के संबंध में गांधी मैदान में सभा व प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार जितेंद्र डहरे को ज्ञापन सौंपा।

एआईडीएसओ ने मांग की कि सरकारी स्कूलों को बंद करने व शिक्षकों के 37,000 पद को समाप्त करने वाली युक्तियुक्तकरण की नीति वापस लो। शिक्षकों के सभी 57 हजार रिक्त पदों पर तत्काल




भर्ती करनी होगी। पाठ्यपुस्तकों के बार कोडिंग की समस्या का तत्काल निराकरण करें और तत्काल सभी छात्रों को पाठ्यपुस्तक उपलब्ध कराएं। ग्राम भोयना में सभी संकाय के साथ हायर सेकेंडरी स्कूल तत्काल इसी सत्र में खोला जाए। शासकीय कॉलेजों में सभी वर्ग के छात्रों को प्रवेश लायक पर्याप्त सीट संख्या बढ़ाई जाए। स्कूलों एवं कॉलेजों में पर्याप्त संख्या में नियमित शिक्षक, प्रोफेसर व ऑफिस स्टाफ की नियुक्ति की जाए। सभी शिक्षण संस्थानों में प्रयोगशाला, वाचनालय, कैंटीन, साइकिल स्टैंड व शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। 4 वर्षीय स्नातक कोर्स व सेमेस्टर प्रणाली वाली राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 रद्द करें।

कुरूद क्षेत्र में स्वीकृत बीएड कॉलेज को इसी सत्र से शुरू किया जाए। जिले के सभी कॉलेजों में बीएड व बीपीएड की पढ़ाई शुरू की जाए। जिले में सरकारी मेडिकल, नर्सिंग व इंजीनियरिंग कॉलेज खोले जाएं। सभा व प्रदर्शन में राज्य अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, राज्य सचिव जैन पाल, जिला अध्यक्ष डरेंद्र कुमार, जिला सचिव चंद्रभान चक्रधारी, जिला उपाध्यक्ष गीता सारथी, भूपेश कुमार, सोमिन साहू, विनय यादव, कमलनारायण साहू, डेविड कुर्रे, नेमचंद लहरे, गुमान साहू समेत विभिन्न स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




**खबर संक्षेप**

## केंद्र सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही : ओंकार



**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ने केंद्र सरकार पर विपक्ष की आवाज को दबाने और लोकतंत्र को कमजोर करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन करते हुए केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई और उनके पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को उन्होंने अलोकतांत्रिक और राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित बताया। विधायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस षड्यंत्र के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी और भाजपा के हर दमनकारी प्रयास का कड़ा विरोध करेगी। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि हम न डरेंगे, न झुकेंगे, न रुकेंगे।

## भाजपा के प्रतिशोधी रवैये को प्रदेश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी : सोमेश



**धमतरी।** ईडी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी पर पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित स्तरहीनता का नया नमूना बताया। क्या भ्रष्टाचार केवल विपक्षीय नेताओं तक सीमित है जबकि भाजपा और उसके सहयोगी दलों के नेता भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे हैं तो उनके खिलाफ ईडी की कार्रवाई क्यों नहीं होती। श्री मेश्राम ने बताया कि विधान सभासत्र में पूर्व मुख्यमंत्री उद्योगपति अडानी को खदान देने जंगल कटाई के विरोध में आवाज बुलंद कर रहे थे, जिस पर उनके पुत्र चैतन्य बघेल को उनके जन्मदिन पर भिलाई निवास स्थान से ईडी द्वारा गिरफ्तार कर ले गया है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन पर उनके ओएसडी और करीबियों के निवास पर ईडी ने छापा मारा था। भाजपा के इस तानाशाह रवैये को प्रदेश की जनता अब बर्दाश्त नहीं करेगी।

## सिहावा स्कूल की छात्राओं ने देश के वीर जवानों के लिए 100 रक्षा सूत्र तैयार किया

**नगरी।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष रक्षा सूत्र वीर जवानों तक पहुंचाया जाता है। इसी कड़ी में शाउमावि सिहावा की छात्राओं ने देश के वीर जवानों के लिए 100 से अधिक रक्षा सूत्र भेजे। छात्राओं ने बड़ी ही उत्सुकता से देश के वीर जवानों के लिए अपने हाथों से राखियां तैयार की। उन्होंने कहा सैनिक हमारे देश के रक्षक हैं। प्राचार्य एस. साहू ने बच्चों से कहा कि जवान अपने घरों से दूर रहकर अपनी जान की परवाह किए बिना हमारी रक्षा करते हैं ताकि हम सभी सुरक्षित रह सके। वे लोग हमारी तरह अपने घरों मे त्योहार नहीं मना पाते, रक्षाबंधन में अपनी बहनों से दूर रहते हैं इसलिए उनकी बहन बनकर उनकी रक्षा के लिए तथा उन्हें घर की दूरियां महसूस न हो इसलिए हम एक राखी हमारे देश के वीर जवानों के लिए भेज रहे हैं।

### परिवहन विभाग ने एचएसआरपी लगाने रियल मेजान और रोसमर्टा कंपनी को किया अधिकृत

# वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य, नहीं तो लगेगा जुर्माना

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ में अन्य राज्यों की तरह यहां भी छोटे बड़े सभी प्रकार के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। यह नियम 1 अप्रैल 2019 से पहले के वाहनों के लिए लागू है। इसके लिए परिवहन विभाग ने दलालों से बचाने एक नई व्यवस्था की है जो पूरे राज्य स्तर पर ऑनलाइन सिस्टम से नंबर प्लेट लगाएगी। इसके लिए शासन ने रियल मेजान और रोसमर्टा कंपनी को अधिकृत किया है जो अपने कर्मचारियों की मदद से वाहनों में नंबर प्लेट लगाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है।

### प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन : मुजाहिद

परिवहन विभाग के अधिकारी अब्दुल मुजाहिद ने बताया कि नंबर प्लेट लगने की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है, जिसमें व्यक्ति कहीं भी लूट का शिकार नहीं हो सकता। बिचौलियों की व्यवस्था नहीं है। सीधे कंपनी के माध्यम से डीलर व घर पहुंच सेवा से वाहन मालिक काम करा सकते हैं। जिले में पुराना वाहन 182000 है जिसमें 30804 में नई प्लेट लग गई है।



### अधिकृत वेबसाइट से आवेदन करें




परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के नाम पर आम लोगों से ठगी की जा रही है। होम डिलीवरी का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी का प्रयास कर रहे हैं। विभाग ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अधिकृत वेबसाइट से ही सीधे ऑनलाइन करें। इसके लिए सीजी ट्रांसपोर्ट डॉट गवर्नमेंट डॉट इन का उपयोग करें।

### परिवहन विभाग में दर्ज रहेगा

एचएसआरपी के लिए धमतरी में अधिकृत कंपनी रोसमर्टा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड के सीनियर आफिसर अशोक शर्मा (गुड़गांव) दिल्ली एनसीआर हरियाणा ने बताया कि जिले में नंबर प्लेट लगाने के लिए उनकी कंपनी अधिकृत है। यह ऑनलाइन सिस्टम पर आधारित है। नंबर प्लेट की खूबियां यह है कि इसे विशेष प्रकार की बनाई गई है जो वाहनों की सुरक्षा और ट्रेकिंग को बेहतर बनाने में सहायक होगी। प्लेट में एक होलोग्राम, विशिष्ट पहचान संख्या, लेजर ब्रांडेड कोड होगा जिससे फर्जीवाड़ा, धोखाधड़ी से बचा जा सकता है। प्लेट में अंकित नंबर सीधे परिवहन विभाग की साइट में दर्ज रहेगा। ऑनलाइन करने के लिए एसआईएएम की वेबसाइट या बुक माई एचएसआरपी की वेबसाइट में व्हीकल ऑन डिटेल के अनुसार आवेदन दे सकते हैं। पंजीयन के लिए वाहन का नंबर, चेचिस नंबर आदि विवरण आवश्यक है। पेमेंट ऑनलाइन ही होगा। नंबर प्लेट लगाने के लिए शहर के फिटमेंट सेंटर का पता डालना आवश्यक है जो डिलीवरी डेट पर अपने आफिस में या घर पहुंच सेवा से प्लेट लगाएंगे।

### पेमेंट भी ऑनलाइन रहेगा, नकद की जरुरत नहीं : रवि

धमतरी में अधिकृत सत्योम सेल्स के स्टाफ रवि यादव ने बताया कि एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने का काम चल रहा है जिनका ऑनलाइन आवेदन हो चुका है उनकी नंबर प्लेट आफिस में लगाई जा रही है। ऑनलाइन आवेदन के संबंध में उन्होंने बताया कि दोपहिया वाहन के लिए एचएसआरपी चार्ज 310, फिटमेंट चार्ज 100, जीएसटी स्टेट 36.90 रूपये, जीएसटी सेंट्रल 36.90 रूपये है। टोटल 483.80 रूपये ऑनलाइन भुगतान अनिवार्य है। इसी तरह कार के लिए एचएसआरपी चार्ज 556 रूपये, फिटमेंट चार्ज 100, स्टेट जीएसटी 59.40 रूपये, सेंट्रल जीएसटी 59.40 रूपये है। टोटल 774.08 रूपये देय जरूरी है। नंबर प्लेट के लिए कहीं भी नकद चार्ज नहीं लगता। धमतरी में नंबर प्लेट लगाने के लिए तिरूपति बजाज सहित अन्य सेंटर हैं जहां फिटमेंट का कार्य होता है।

## महापौर व पार्षद ने किया पोस्ट ऑफिस वार्ड का निरीक्षण, सफाई व्यवस्था देखी



- नगरवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना हमारी प्राथमिकता : रामू

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पोस्ट ऑफिस वार्ड का महापौर रामू रोहरा एवं वार्ड पार्षद श्रीमती चन्द्रभागा साहू ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था, जल निकासी, कचरा प्रबंधन सहित वार्ड की मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महापौर रामू रोहरा ने संबंधित निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। नगरवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना हमारी पहली प्राथमिकता है। सभी वार्डों में नियमित रूप से सफाई और निगरानी होनी चाहिए। वार्ड पार्षद श्रीमती चन्द्रभागा साहू ने बताया कि उनके नेतृत्व में सफाई अभियान लगातार चल रहा है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में जनसंख्या घनत्व और जलभराव जैसी समस्याएं सफाई में बाधा उत्पन्न कर रही हैं।

उन्होंने निगम अधिकारियों से इन क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने की अपील की। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने भी अपनी समस्याएं महापौर और पार्षद के समक्ष रखीं, जिसमें नालियों की नियमित सफाई, टूटे रास्तों की मरम्मत और कचरा उठाव की अनियमितता जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं। महापौर ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इस निरीक्षण में पार्षद कुलेश सोनी, मुकेश शर्मा, चन्द्रहास कहार एवं कुंदन ठाकुर उपस्थित रहे।

## बिंद्रा नवागांव के बच्चों ने देश के वीर जवानों को रक्षासूत्र भेजा



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला बिंद्रा नवागांव के छात्राओं ने देश के वीर जवानों को बड़ी उत्सुकता से रक्षा सूत्र तैयार कर भेजा। प्रधान पाठक ममता खालसा ने बताया कि देश के जवान अपने घरों से दूर रहकर अपने जान की परवाह किये बिना हमारी व हमारे देश की रक्षा करते हैं ताकि हम सुरक्षित रह सके। वे कभी कोई त्योहार अपने परिवार के साथ नहीं मना पाते इसलिए हम ये रक्षासूत्र उनकी रक्षा के लिए भेज रहे हैं। सरपंच श्रीमती प्रसून संजय शुक्ला के मार्गदर्शन में छात्राओं ने बड़ी ख़ुशी से रक्षासूत्र तैयार कर पंचायत के माध्यम से भेजा। इस अवसर पर सभी शिक्षक व बच्चे उपस्थित थे।

## सीजी 05 एक्सपो में दिखा आधुनिक तकनीक का नजारा






**धमतरी।** नवीन कृषि उपज मंडी श्यामतराई में रविवार को सीजी 05 एक्सपो साउंड, लाइट एंड ऑडियो विजुअल का आयोजन किया गया। तकनीकी नवाचार, आधुनिक साउंड सिस्टम और लाइटिंग के समागम से सजे इस कार्यक्रम ने जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने एक्सपो का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में महापौर ने कहा कि तकनीक के इस युग में ऐसे आयोजनों की महती आवश्यकता है।

यह मंच न केवल स्थानीय युवाओं को आधुनिक उपकरणों से रूबरू कराता है, बल्कि रोजगार, नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी उन्हें प्रेरित करता है। इस तरह का आयोजन धमतरी को तकनीकी और रचनात्मक रूप से एक नई पहचान देगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि नगर निगम ऐसे रचनात्मक प्रयासों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। सीजी 05 एक्सपो में अत्याधुनिक साउंड सिस्टम, एलईडी स्क्रीनिंग, डिजिटल लाइट इफेक्ट्स, ऑडियो-विजुअल सिमुलेशन और क्रिएटिव सेटअप का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया। शहर व आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में युवाओं, व्यवसायियों व तकनीक प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## बीएनडी कांवरिया संघ के 35 कांवरिये सुल्तानगंज रवाना



- बाबा बैद्यनाथ धाम में जल अर्पण कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगरी, धमतरी और भिलाई के संयुक्त कांवरियों का दल ओम बीएनडी कांवरिया संघ के 35 कांवरिये सावन मास में सुल्तानगंज (बिहार) के लिए रवाना हुए। सुल्तान गंज से उत्तरवाहिनी गंगा मैया से जल उठाकर झारखंड के (देवघर) स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में जल अर्पण कर क्षेत्र की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना करेंगे। कांवरियों ने बताया कि सुल्तानगंज से देवघर की 120 किमी की पैदल यात्रा कर 35 साथी क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना करेंगे। कांवरिया दल के प्रमुख सन्दन सिंह, विनोद गिरी, नीशु चन्द्राकर ने बताया कि सभी कांवरिये विगत कई वर्षों से बाबाधाम की पदयात्रा कर रहे हैं। इस वर्ष इस दल में 35 सदस्य शामिल हैं। 21 जुलाई को सभी कांवरिये सुल्तानगंज से उत्तर मां गंगा वाहिनी का पावन जल लेकर अपने गंतव्य की ओर रवाना होंगे। दल में रक्षिता गिरी, रेणुका सिन्हा, युवराज शर्मा, प्रदीप पांडेय, महेंद्र यादव, परमेश्वर साहू, डॉ. अमित श्रीवास्तव, राजेश चंद्राकर, हेमंत सिन्हा, बाबा ठाकुर, लक्ष्मी साहू, आशीष बंगानी, तुमेश साहू, इन्दु साहू, केदार साहू, जय श्रीवास्तव, ललित यादव, पुष्पेंद्र कुमार साहू, धरम सिन्हा, अनिल गुप्ता, विनय सिंह, समर्थ नायडू, रमाकांत सिंह, रोशन सर्वे, सागर तिवारी, नरेंद्र साहू, सुनील निर्मलकर, विकास ठाकुर, निक्कू दीवान, आदित्य ठाकुर, हेराम साहू, जनेंद्र शर्मा शामिल हैं।

## ईडी, ईओडब्ल्यू एक संवैधानिक संस्था, राजनीति से प्रेरित होकर कोई काम नहीं करती : किरण सिंहदेव

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का घड़ी चौक में भाजपाइयों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव रायपुर से जगदलपुर जाते वक्त थोड़ी देर के लिए धमतरी में रुके। घड़ी चौक में भाजपाइयों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने ईडी कार्रवाई मामले में कांग्रेस पर जमकर कटाक्ष किया।

घड़ी चौक में स्वागत के बाद अध्यक्ष ने भाजपा कार्यकर्ता अंजलि दुबे, नीरज नाहर और शुभांक मिश्रा के घर जाकर मुलाकात की। घड़ी चौक में मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर पलटवार किया। ईडी द्वारा चल रही कार्रवाई को संवैधानिक बताया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिए गए बयानों पर पलटवार किया।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि चाहे ईडी या ईओडब्ल्यू। यह संवैधानिक संस्था हैं। राजनीति से प्रेरित कोई काम नहीं होता। प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि जब कर नहीं तो डर नहीं और कर है तो डर है। संवैधानिक संस्थाओं को अपना काम करने देना चाहिए। जब कुछ नहीं किया होगा तो कोई प्रॉब्लम नहीं होगी और अगर कुछ किया है तो बच नहीं सकते।

भूपेश बघेल के बयान एक पेड़ मां के नाम और सारा जंगल बाप के नाम पर पलटवार करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम प्रधानमंत्री का भावनात्मक संदेश है। देश की प्रकृति और पर्यावरण की दृष्टि से प्रधानमंत्री द्वारा बड़ा निर्णय लिया गया है। इन बातों को राजनीतिक स्वार्थ के लिए उपयोग कर रहे हैं, जो गलत है।

इस दौरान पूर्व विधायक रंजना साहू, सरला जैन, चेतन हिंदुजा, मोनिका देवांगन, अविनाश दुबे, कैलाश सोनकर, चंद्रकला पटेल, जय हिंदूजा, पार्षद तल्लीनपुरी गोस्वामी, संतोष सोनकर, हिमानी साहू, महेंद्र खंडेलवाल, भागवत साहू, बीथिका विश्वास, विनोद राव रणसिंह, विजय साहू, देवेश अग्रवाल, रिकी गंगवानी सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

## सेजेस कंडेल के छात्रों एवं शिक्षकों ने किया पौधारोपण



- विश्व जनसंख्या दिवस पर पोस्टर, भाषण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सेजेस कंडेल विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण, जनसंख्या नियंत्रण और प्लास्टिक उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यक्रम हुए। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने अपनी मां के नाम पर पौधे लगाकर प्रकृति के प्रति सम्मान और संरक्षण का संदेश दिया। सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विद्यालय में पोस्टर, भाषण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न समस्याओं एवं समाधान पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

छात्रों ने जागरूकता पोस्टर व स्लोगन तैयार किए। कार्यक्रम के तीसरे चरण में नो प्लास्टिक कैंपेन के तहत रैली, स्लोगन लेखन एवं संवाद सत्र आयोजित किए गए। छात्रों ने प्लास्टिक के दुष्परिणामों को दर्शाते हुए वैकल्पिक उपायों को अपनाने का आह्वान किया। प्राचार्य राहुल सिंह नेताम ने कहा कि बच्चों में जागरूकता की शुरुआत विद्यालय से होनी चाहिए। ऐसे आयोजन न केवल शिक्षा देते हैं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक भी बनाते हैं।

## भेंडरा में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**कुरुद।** जिला पंचायत धमतरी के निर्माण एवं संकर्म समिति की सभापति पूजा सिन्हा के मुख्यातिथ्य में ग्राम भेंडरा के ठाकुर देव चौक में 8 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सीसी रोड सह नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसके बाद धान उपार्जन केंद्र में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया।

इस दौरान सभापति श्रीमती सिन्हा ने कहा कि कुरुद विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सुशासन व विधायक अजय चंद्राकर का विकास रथ निरंतर गतिमान है। परिणामस्वरूप क्षेत्र को लगातार विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती रेखा साहू, सरपंच श्रीमती ज्योति मंडावी, गातापार सोसाइटी अध्यक्ष नन्दकुमार साहू, पंच छबिला साहू, मेघसिंग साहू, कामताप्रसाद साहू, हेमराज साहू, पेमेंद्र जांगड़े, डोमन लाल साहू, द्वारिका यादव, नंदिनी साहू, धनेश्वरी साहू, चंद्रिका साहू, खेमेश्वरी पटेल, ऐशराम यादव,, छगन साहू, लोकेश सेन, देवेन्द्र साहू, ललित निषाद, रोहित निषाद, वीरु जांगड़े मसेत गायत्री परिवार से जुड़े लोग उपस्थित थे।

## ग्राम पटेल संघ की हुई बैठक

**धमतरी।** ग्राम पटेल संघ के तत्वावधान में शीतला मंदिर रूद्री परिसर में ग्राम पटेलों की बैठक हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मन्नूलाल साहू प्रदेश अध्यक्ष थे। बैठक में गांव-गांव जाकर पौधरोपण करने का निर्णय लिया गया। मौके पर बलराम साहू, पवनकुमार, द्वारिका साहू, मधु साहू समेत अनेक ग्राम पटेल की उपस्थिति रही। यह जानकारी पवन कुमार साहू पीपरछेड़ी (गा) ने दी।

## छाती सोसाइटी परिसर में रोपे 150 पौधे

पुरी। ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती में शनिवार को फलदार व फूलदार आम, जाम, नींबू, कटहल, जामुन, गुलमोहर के 150 पौधे रोपे गए। आश्रित ग्राम झिरिया में भी वृहद स्तर पर पौधरोपण कर मिट्टी, पानी, डालकर सुरक्षित किया गया। मौके पर नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा आयोग छग, छाती सरपंच दानेश्वरी यादव, समिति अध्यक्ष ललित साहू, जनपद प्रतिनिधि पालनहार, उपसरपंच रमेश यादव, भेषजलाल साहू, मिस्त्रीलाल पटेल भाजपा भोथली मंडल अध्यक्ष, राजेश चन्द्राकर पंच, पुनीत चंद्राकर, उत्तम चंद्राकर, रूपेश साहू, भानु साहू, रोहित साहू, पुरुषोत्तम चंद्राकर समेत समिति के सदस्य उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
10 दिन
राजस्थान टूर
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
14 अगस्त, 11 सितंबर, 9 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर
राशिः-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
28 एवं 29 जुलाई 2025
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान त्र्यबंकेश्वर ज्योतिर्लिंग के विद्वान पंडितों के सान्निध्य में किया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
पं. शिवाप्रसाद चतुर्वेदी 97633-98719
9993157703, 9589261876

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज